BSES
BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD

SAMVAD

जर्मनी की आर्थिक सहयोग व विकास मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बीएसईएस के माइक्रोग्रिड का दौरा किया

जर्मनी की केंद्रीय आर्थिक सहयोग व विकास मंत्री सुश्री स्वेंजा स्कल्ज के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में साउथ दिल्ली में शिवालिक, मालवीय नगर स्थित बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड के अर्बन माइक्रोग्रिड सिस्टम (सोलर प्लस बैटरी) का दौरा किया। इसमें जर्मन दूतावास तथा जीआईजेड इंडिया के उच्च अधिकारी भी शामिल थे। बीआरपीएल सीईओ श्री विनीत सिक्का के नेतृत्व में बीएसईएस के वरिष्ठ अधिकारियों से भी जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने विस्तार से बातचीत की। अपने दौरे के दौरान माननीय मंत्री ने अर्बन माइक्रोग्रिड प्रोजेक्ट से समुदाय को होने वाले बड़े लाभों के बारे में भी जाना।

बीआरपीएल ने पहले वेहिकल-टू-ग्रिड स्टेशन के लिए समझौता किया: ईवी चार्जिंग व बिजली स्टोरेज के क्षेत्र में क्रांति आएगी

बीआरपीएल ने एनर्जी सॉफ्टवेयर कंपनी शेरू के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत पश्चिमी दिल्ली के नांगलोई में एक अनोखा और शायद देश का पहला वेहिकल–टू–ग्रिड स्टेशन विकसित किया जा रहा है। यह अपने आप में एक अनोखी पहल है, जिस पर फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर काम हो रहा है। यह एक ऐसा बैटरी स्वॉपिंग स्टेशन है, जहां न सिर्फ वाहनों की बैटरी स्वॉपिंग की जाती है, बल्कि यह एक बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिसटम के तौर पर भी काम करता है, ताकि उससे डिस्कॉम के नेटवर्क को भी मजबूती मिल सके।

इस सिस्टम से बिजली की पीक डिमांड वाली अवधि में बीआरपीएल की बिजली जरूरतों को पूरा करने में सहयोग मिलेगा और ऑफ–पीक अवधि में यह बैटरी के अनुकूलन के लिए काम होगा।

बारिश के दिनों में निम्नलिखित टिप्स अपनाएं, सुरक्षित रहें

मॉनसून एक बार फिर दस्तक दे रहा है। उमंग और उल्लास के साथ–साथ मॉनसून अपने साथ कुछ समस्याएं भी लाता है और इस सीजन में वॉटर लॉगिंग के कारण बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन, कुछ सावधानियां बरतकर आप खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रख सकते हैं और इस तरह, दुर्घटना–मुक्त मॉनसूस को सुनिश्चित किया जा सकता है।

- बिजली के पोल, सब–स्टेशन, टांसफॉर्मर, स्ट्रीट लाइट समेत बिजली के सभी उपकरणों से दूर रहें
- बच्चों को जागरूक करें कि वे बिजली उपकरणों / इंस्टलेशंस के पास न खेलें, अगर इन चीजों को बेरिकेड किया गया हो, तो भी
- घर के अंदर या कहीं भी, बिजली से चलने वाले सामान / उपकरणों को गीले हाथों से न छुएं
- अपने घर पर एक टेस्टर रखें। यदि कोई स्विच या आपके घर की दीवार गीली हो, तो इसे न छुएं। पहले टेस्टर से चेक कर लें कि कहीं उनमें करंट तो नहीं आ रहा है। जरूरत हो, तो अपने इलेक्ट्रिशियन को कॉल करें।
- झटके और दुर्घटना से बचने के लिए अर्थ लीकेज सार्किट ब्रेकर (ईएलसीबी) लागबायें।

अब हम वॉट्एसऐप बिजनेस पर भी उपलब्ध हैं! 8800919123 पर हम तक पहुँचे


Available on the App Store
Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7
19123

8800919123 पर
हमें Hi कहें और हमारी
निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठाएं

बिल देखें व भुगतान करें	प्रीपेड मीटर बैलेंस तथा रीचार्ज
बिल विवरण	बिजली दरें व सब्सिडी डिटेल्स
सेल्फ मीटर रीडिंग	
बिजली गुल की शिकायत	और भी बहुत कुछ

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019
CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 | 19123 | www.bsesdelhi.com | www.facebook.com/bsesdelhi | https://twitter.com/BSESDELHI

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bdg@relianceada.com पर ईमेल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।